भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली 19 सितम्बर, 2024

विषय: अगस्त, 2024 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल हेतु सारांश (संख्या-8)।

अगस्त, 2024 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/कार्यक्रम नीचे दिए गए हैं:-

1. **70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2022**

1.1 **70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2022 की घोषणा:** 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के लिए निर्णायक मंडल, जिसमें भारतीय फिल्म उद्योग के प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता और फिल्म हस्तियां शामिल थे, ने वर्ष 2022 के विजेताओं की घोषणा की। निर्णायक मंडल द्वारा पुरस्कार विजेताओं की सूची 16 अगस्त, 2024 को नई दिल्ली में माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन की उपस्थिति में माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को सौंपी गई।

1.2 **70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2022 के प्रमुख विजेता:** आनंद एकर्षी द्वारा निर्देशित 'आत्तम (नाटक)' (मलयालम) को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म और सिद्धांत सरीन द्वारा निर्देशित 'आईना (मिरर)' (हिंदी/उर्दू) को सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला। 'मर्मर्स ऑफ द जंगल' को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार मिला। श्री ऋषभ शेट्टी को फिल्म कंतारा (कन्नड़) में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेता का पुरस्कार दिया गया, जबकि सुश्री नित्या मेनन और सुश्री मानसी पारेख ने क्रमशः थिरुचित्राम्बलम (तमिल) और कच्छ एक्सप्रेस (गुजराती) के लिए प्रमुख भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार साझा किया। 'ब्रह्मास्त्र - भाग 1: शिवा' को एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक) में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया और कंतारा को संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार मिला। श्री पवन राज मल्होत्रा ने फीचर फिल्म श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता जबकि सुश्री नीना गुप्ता ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ पुस्तक का पुरस्कार अनिरुद्ध भट्टाचार्य और पार्थिव धर द्वारा लिखित 'किशोर कुमार: द अल्टीमेट बायोग्राफी' को दिया गया है।

2. **पहलें और उपलब्धियां**

2.1 **234 नए शहरों में प्राइवेट एफएम रेडियो की शुरुआत:** माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 28 अगस्त, 2024 को प्राइवेट एफएम रेडियो चरण III नीति के तहत 784.87 करोड़ रुपये के अनुमानित आरक्षित मूल्य के साथ 234 नए शहरों/कस्बों में 730 चैनलों

के लिए असेंडिंग ई-नीलामी के तीसरे बैच के प्रस्ताव को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने एफएम चैनल के वार्षिक लाइसेंस शुल्क को वस्तु और सेवा कर को छोड़कर सकल राजस्व के 4% के रूप में लगाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित किया। 234 नए शहरों/कस्बों में प्राइवेट एफएम रेडियो की शुरुआत से ऐसे शहरों/कस्बों में एफएम रेडियो की अधूरी मांग पूरी होगी, जो अभी भी प्राइवेट एफएम रेडियो प्रसारण से दूर हैं और मातृभाषा में नई/स्थानीय सामग्री लाएंगे। इससे रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा, स्थानीय बोली और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और 'वोकल फॉर लोकल' पहल को बढ़ावा मिलेगा। अनुमोदित किए गए कई शहर/कस्बे आकांक्षी जिलों और वामपंथ उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों में हैं। इन क्षेत्रों में प्राइवेट एफएम रेडियो की स्थापना से इन क्षेत्रों में सरकारी पहुंच और सुदृढ़ होगी।

2.2 **क्रिएट इन इंडिया चैलेंज - सीजन 1 का शुभारंभ:** माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने 22 अगस्त, 2024 को वर्ल्ड ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के लिए 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज - सीजन 1' के भाग के रूप में 25 चुनौतियों का शुभारंभ किया। अग्रणी उद्योग संघों और संगठनों द्वारा आयोजित ये चुनौतियाँ एनीमेशन, फिल्म निर्माण, गेमिंग, संगीत और विजुअल आर्ट सहित कई विषयों को कवर करती हैं। ये चुनौतियाँ 5 से 9 फरवरी, 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम वेव्स से पहले की जा रही हैं।

2.3 **आईआईएमसी में इनक्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन:** माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन ने दिनांक 27.08.2024 को दिल्ली मुख्यालय में भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के इनक्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन किया ।

2.4 **एसआरएफटीआई और एफटीआईआई को "डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी" का दर्जा:** शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सलाह पर सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई) और भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) को विशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत इन दोनों संस्थानों को डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा देने के लिए आशय पत्र (एलओआई) जारी किया है।

2.5 **एनएफडीसी स्क्रीनराइटर्स लैब का 17वां संस्करण:** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) को 21 राज्यों से 150 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से एनएफडीसी स्क्रीनराइटर्स लैब 2024 के 17वें संस्करण के लिए विभिन्न भाषाओं में विभिन्न विधाओं में 6 परियोजनाओं का चयन किया गया है। इस चल रही पहल का उद्देश्य पूरे भारत से मूल आवाज़ों को विकसित करना और बढ़ावा देना है। तीन-भागों की गहन कार्यशाला एक वार्षिक कार्यक्रम है जो चयनित प्रतिभागियों को भारत और विदेश के प्रशंसित पटकथा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अपनी पटकथाओं को पूरी तरह से विकसित करने का अवसर प्रदान करता है जिन्हें बाद में निर्माताओं और निवेशकों के सामने पेश किया जाता है।

2.6 **डीडी न्यूज़ के नए विशेष कार्यक्रम:** दूरदर्शन न्यूज ने सप्ताह के महत्वपूर्ण विषयों का विश्लेषण करने के लिए सप्ताह के दिनों में शाम 7 बजे एक नया विशेष कार्यक्रम **'पूरा सच'** प्रारंभ किया है, तथा साइबर संबंधी अपराधों के बारे में सचेत करने, शिक्षित करने और जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एक और नया साप्ताहिक विशेष कार्यक्रम **'साइबर अलर्ट'** भी प्रारंभ किया है।

2.7 **पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2023:** दिनांक 05.08.2024 को पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 राष्ट्रीय मीडिया केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में 15 पत्रकारों को प्रदान किए गए। वरिष्ठ पत्रकार श्री राम बहादुर राय और श्री अशोक टंडन ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

3. **सरकार के विशेष आयोजनों/पहलों का कवरेज**

3.1 **प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह (23 अगस्त, 2024)**

3.1.1 **मीडिया आउटरीच और संचार:** मंत्रालय ने देश के पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के लिए एक मीडिया अभियान विकसित किया, ताकि डिजिटल और पारंपरिक प्लेटफार्मों पर आकर्षक सामग्री और इंटरैक्टिव अभियानों के माध्यम से इस दिवस को हाइलाइट किया जा सके और दृश्यता और भागीदारी को अधिकतम किया जा सके।

3.1.2 **मल्टीमीडिया प्रदर्शनियाँ:** प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने के लिए, केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए 23 से 25 अगस्त, 2024 तक राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली और साथ ही राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, गुवाहाटी में **तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनियों** का आयोजन किया। इन प्रदर्शनियों ने आगंतुकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान किया, जिसमें इन प्रदर्शनियों को देखने आए विभिन्न स्कूलों के छात्र भी शामिल थे। सीबीसी के क्षेत्रीय/फील्ड कार्यालयों ने 13 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी) भी आयोजित किए।

3.1.3 **प्रसार भारती द्वारा आउटरीच संबंधी पहलें:** प्रमुख कार्यक्रमों के समारोह को व्यापक कवरेज प्रदान की गई, जिसमें दिनांक 23.08.2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का मुख्य कार्यक्रम भी शामिल था, जिसका सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ और डीडी इंडिया पर किया गया। **विशेष वृत्तचित्र** 'चंद्रयान सफलता के एक साल' और 'इंडियाज स्पेस सागा' और विक्रम साराभाई की जयंती पर **विशेष पैकेज** और इस अवसर पर आयोजित पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का प्रसारण डीडी न्यूज और डीडी इंडिया पर किया गया। महानिदेशक, भारतीय अंतरिक्ष संघ और अंतरिक्ष विज्ञान विशेषज्ञों के साथ **विशेष चर्चा** और इसरो प्रमुख के साथ एक **विशेष साक्षात्कार** डीडी इंडिया और डीडी न्यूज पर प्रसारित किया गया। अंतरिक्ष विज्ञान में महिलाओं के योगदान और इसरो की उपलब्धियों पर **दो पॉडकास्ट वीडियो** डीडी न्यूज पर प्रोग्रामिंग के बीच फिलर के रूप में प्रसारित किए गए। समाचार

सेवा प्रभाग, आकाशवाणी ने अपनी क्षेत्रीय समाचार इकाइयों सहित 114 समाचार कहानियों और 22 चर्चाओं / वार्ताओं और राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2024 पर इसरो अध्यक्ष के साथ एक विशेष साक्षात्कार को भी कवर किया।

3.1.4 **जागरूकता पहल:** भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2024 के लिए बैनर प्रकाशित किए, जागरूकता पोस्टर साझा किए और चंद्रयान ब्रोशर वितरित किए। आईआईएमसी ने अपने सामुदायिक रेडियो स्टेशन अपना रेडियो द्वारा तैयार किए गए रेडियो कार्यक्रमों को भी पुनः साझा किया, जिसमें अंतरिक्ष अन्वेषण, वैज्ञानिक खोजों और अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत के योगदान से संबंधित विषय शामिल थे। प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एंप्लायमेंट न्यूज में लेख प्रकाशित किए। इसने अंतरिक्ष विज्ञान पर बच्चों की हिंदी पुस्तक 'आकाशगंगाओं का बंजारा' का भी प्रचार सोशल मीडिया पर किया। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) और राष्ट्रीय भारतीय सिनेमा संग्रहालय (एनएमआईसी) ने संयुक्त रूप से 23 अगस्त, 2024 को *'टचिंग लाइव्स व्हाइल टचिंग द मून: इंडियाज स्पेस सागा'* विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया और *'सेलिब्रेटिंग सिक्स डिकेड्स ऑफ इंडियाज साइंस एंड टेक्नोलॉजी'* वृत्तचित्र की स्क्रीनिंग की मेजबानी की, जिसमें 100 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया।

3.1.5 **सोशल मीडिया अभियान:** पीआईबी ने विभिन्न हैंडलों से दैनिक अपडेट ट्वीट और रीट्वीट किए, तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर विभिन्न पोस्ट कर एक व्यापक सोशल मीडिया अभियान चलाया। न्यू मीडिया विंग(एनएमडब्ल्यू) ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर दिनांक 23.08.2024 तक हैशटैग #NationalSpaceDay, #ISRO और #SpaceDay2024 का उपयोग करके सूचनात्मक ग्राफिक्स, एक्सप्लेनर वीडियो और अन्य सामग्री साझा कर व्यापक पहुंच बनाई, जिसमें कुल 73.8 मिलियन से अधिक इंप्रेशन/व्यू प्राप्त हुए। इस मंत्रालय की मीडिया यूनिटों/संगठनों में संबंधित सोशल मीडिया चैनलों पर भी सोशल मीडिया अभियान चलाया गया।

### 3.2 हर घर तिरंगा 2024 और 78वाँ स्वतंत्रता दिवस 2024

3.2.1 **पहलें और कार्यक्रम:** केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के फील्ड कार्यालयों/क्षेत्रीय कार्यालयों ने स्वतंत्रता दिवस थीम पर 20 एकीकृत संचार एवं लोकसंपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी), 2 प्रदर्शनियां और 1 फील्ड कार्यक्रम आयोजित किए। प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) द्वारा प्रकाशित योजना का अगस्त 2024 का अंक एक विशेष अंक था, जो **कर्तव्य काल** पर आधारित है और जिसमें गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया गया। एनएफडीसी-एनएमआईसी ने 9 से 14 अगस्त, 2024 तक **'तिरंगा सप्ताह'** का आयोजन किया, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न भाषाओं में फिल्में दिखाई गईं, इसके बाद दिनांक 15.08.2024 को ध्वजारोहण समारोह, टॉक शो, 'लापता लेडीज' की स्क्रीनिंग और 'एक पेड़ मां के नाम' के भाग के रूप में वृक्षारोपण अभियान के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया।

3.2.2 **सोशल मीडिया लोकसंपर्क:** न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने 2 से 14 अगस्त, 2024 तक 'हर घर तिरंगा' के तहत आयोजित घटनाओ और कार्यकलापों के लिए सोशल मीडिया अकाउंट्स पर हैशटैग **#HarGharTiranga** और **#HarGharTiranga2024** का उपयोग कर ग्राफिक्स, एक्सप्लेनर वीडियो, वीडियो बाइट्स, रील्स, लाइव कवरेज और अन्य सामग्री साझा कर व्यापक प्रचार किया जिससे कुल **85 मिलियन** से अधिक इंप्रेशन/व्यू प्राप्त हुए। डीपीडी की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर डीपीडी की पुस्तकों को प्रदर्शित करने वाला एक विशेष वीडियो भी डीपीडी के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रचारित किया गया।

3.2.3 **स्वतंत्रता दिवस समारोह पर एडवायजरी:** टीवी चैनलों (द्विभाषी) द्वारा स्वतंत्रता दिवस कमेंट्री/समारोह की सांकेतिक भाषा में व्याख्या शामिल करने के संबंध में सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों को दिनांक 14.08.2024 को एक एडवायजरी जारी की गई।

3.3 **पेरिस ओलंपिक और पेरिस पैरालंपिक**

3.3.1 **लोकसंपर्क पहलें:** डीडी न्यूज ने **पेरिस ओलंपिक 2024** पर व्यापक कवरेज के साथ-साथ, पेरिस पैरालंपिक पर **'चीयर 4 भारत @ पेरिस पैरालंपिक'** विशेष कार्यक्रम शुरू किया। डीपीडी द्वारा अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेरिस 2024 ओलंपिक पर एक **विशेष क्विज़ सीरीज़** आयोजित की गई।

3.3.2 **सोशल मीडिया अभियान:** न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर वीडियो बाइट्स, ग्राफिक्स और अन्य सामग्री जिसे हैशटैग **#ParisOlympics और #Cheer4Bharat** का उपयोग कर साझा कर व्यापक प्रचार किया जिसे कुल **135.2 मिलियन** से अधिक इंप्रेशन/व्यू प्राप्त हुए।

3.4 **विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस:** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर, केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा ललित कला अकादमी, नई दिल्ली में 14 से 17 अगस्त, 2024 तक **एक फोटो प्रदर्शनी** का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों के साथ-साथ अन्य आगंतुकों ने भी भाग लिया। प्रदर्शनी में निजी कहानियों, 1947 के विभाजन के अथाह दर्द और उसके स्थायी प्रभाव को प्रदर्शित किया गया। सीबीसी के फील्ड कार्यालयों/क्षेत्रीय कार्यालयों ने इस विषय पर 34 एकीकृत संचार एवं लोकसंपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी) और 8 प्रदर्शनियाँ भी आयोजित की।

3.5 **राष्ट्रीय खेल दिवस 2024:** मेजर ध्यानचंद की जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने दिनांक 27.08.2024 से दिनांक 30.08.2024 तक मंत्रालय और इसकी मीडिया यूनिटों/संगठनों के कर्मचारियों के लिए **बैडमिंटन टूर्नामेंट और टेबल टेनिस टूर्नामेंट** का आयोजन किया, जिसका फाइनल मैच जेएलएन स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। मंत्रालय के विभिन्न संगठनों द्वारा भी इसी तरह के खेल कार्यकलापों का आयोजन किया गया।

3.6 **तीन नए आपराधिक कानून:** केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के फील्ड कार्यालयों/क्षेत्रीय कार्यालयों ने इस विषय पर 07 एकीकृत संचार एवं लोकसंपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी) और 01 प्रदर्शनी का आयोजन किया है।

4. **सामग्री विनियमन और लाइसेंसिंग**

4.1 **आईटी अधिनियम की धारा 69क के तहत ब्लाक करना:** मंत्रालय ने आईटी अधिनियम, 2000 और आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत 1 यूट्यूब यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए।

4.2 **सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों से संबंधित प्लेटफॉर्मों को ब्लाक करना:** मंत्रालय ने विदेशी सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों, वेबसाइट को बढ़ावा देने वाले इन्फ्लुएंसरों के 56 सोशल मीडिया अकाउंट्स और विदेशी सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों के 61 सोशल मीडिया अकाउंट्स को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए।

4.3 **आपदा/विपत्ति/दुर्घटना के प्रसारण पर एडवाईजरी:** आपदा/प्राकृतिक विपत्ति/बड़ी दुर्घटना से संबंधित फुटेज के प्रसारण के संबंध में सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों को दिनांक 09.08.2024 को एक एडवाईजरी जारी की गई थी।

4.4 **पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट:** पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने **52 फर्जी खबरों का पर्दाफाश किया और 57 ट्वीट पोस्ट किए,** जिससे **487.7K** इम्प्रेशन प्राप्त हुए। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट द्वारा फर्जी खबर के रूप में फैक्ट-चैक किए गए 1 यूट्यूब वीडियो को यूट्यूब के समक्ष उठाया गया और इसे प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।

4.5 **चैनल लाइसेंसिंग:** माह के दौरान, मंत्रालय ने दो नए चैनलों के लिए अनुमति प्रदान की और एक चैनल के सरेंडर/रद्द करने के अनुरोध को स्वीकार किया। 31 अगस्त, 2024 तक, भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए अधिकृत **प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों** की कुल संख्या **912** है।

4.6 **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):** माह के दौरान **छह (6) नए सीआरएस आरंभ** किए गए। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने तीन नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) जारी किए, जबकि सीआरएस के लिए पांच जीओपीए का नवीनीकरण किया। दिनांक 29 और 30 अगस्त, 2024 को अगरतला, त्रिपुरा में सीआरएस के लिए जागरूकता कार्यशाला भी आयोजित की गई थी।

**5. न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन संबंधी पहलें**

5.1 **सिनेमा में एक्सेसिबिल्टी मानकों पर कार्यशाला और सम्मेलन:** दिनांक 15.03.2024 को श्रवण और दृश्य बाधित व्यक्तियों के लिए सिनेमाघरों में फीचर फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन में एक्सेसिबिल्टी मानकों की अधिसूचना के अनुसरण में, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने हितधारकों को

एक्सेसिबिल्टी मानक दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रावधानों और अनिवार्य परिवर्तनों के बारे में जागरूक करने और उन्नत एक्सेसिबिल्टी मानकों के माध्यम से समावेशी सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए क्रमशः 9 और 28 अगस्त, 2024 को मुंबई और दिल्ली में कार्यशाला और सम्मेलन आयोजित किए। यह पहल दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम) के अनुरूप है, जो फिल्मों तक पहुंच सहित सूचना और संचार में सार्वभौमिक पहुंच और समावेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार की कार्रवाई को अधिदेशित करता है।

5.2 **फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ):** एफएफओ ने दिनांक 23 से 28 अगस्त, 2024 तक **पहले मॉस्को फिल्म सप्ताह** में भाग लिया, जिसका लक्ष्य प्रोत्साहन नीति को बढ़ावा देना, सह-निर्माण में सहयोग करना और आईएफएफआई और फिल्म बाजार में भागीदारी को आमंत्रित करना था। एफएफओ और स्क्रीन ऑस्ट्रेलिया ने 200 से अधिक प्रतिभागियों के साथ एक वेबिनार भी आयोजित किया, जिसमें **भारत-ऑस्ट्रेलिया सह-निर्माण संधि** पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की गई। इस माह के दौरान, **एफएफओ पोर्टल** ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के प्रतिनिधियों के साथ सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से राज्य प्रणालियों के एकीकरण के लिए एक व्यापक योजना बनाई गई है तथा एक विस्तृत डायरेक्टरी बनाने के लिए फिल्मी और गैर-फिल्मी संसाधनों के आंकड़े की क्राउडसोर्सिंग का कार्यान्वयन किया गया है। एफएफओ ने 12 अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय से अनुमति प्रदान कराई और 3 प्रोत्साहन आवेदनों पर कार्रवाई की।

5.3 **एडोब कार्यशाला:** मंत्रालय ने दिनांक 9 अगस्त, 2024 को दूरदर्शन भवन में अपने यंग प्रोफेशनल के लिए एडोब सुइट पर केंद्रित एक कार्यशाला आयोजित की, ताकि सॉफ्टवेयर के साथ उनकी परिचितता बढ़े और उनके रचनात्मक कौशल को बढ़ावा मिले। कार्यशाला में एडोब इलस्ट्रेटर, फोटोशॉप और इनडिजाइन सहित विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल किया गया।

6. **अन्य महत्वपूर्ण कार्यकलाप और उपलब्धियाँ**

6.1 ***मन की बात* बुकलेट:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रधानमंत्री के *मन की बात* बुकलेट का जुलाई, 2024 का संस्करण तैयार किया, जिसमें कवर स्टोरी के रूप में **'टाइमलेस ट्रेजर ऑफ इंडिया'** को शामिल किया गया है। इसमें माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विशेष उल्लेख के साथ-साथ मीडिया की प्रतिक्रियाओं के साथ-साथ कहानियां और टेस्टिमोनियल शामिल हैं। इसका ई-संस्करण ई-संपर्क के माध्यम से 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्राप्त हुआ और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, माईगव, पीएम इंडिया आदि की वेबसाइटों पर देखा जा सकता है। मुद्रित प्रतियां सभी माननीय सांसदों और विधायकों, भारत सरकार और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की गईं।

**6.2** **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस): न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)** के अगस्त 2024 के पाक्षिक संस्करणों में ***"अभूतपूर्व रोज़गार अवसरों का बजट"*** और ***"जन धन का एक दशक"*** जैसे विषय शामिल

थे। 13 भाषाओं में प्रकाशित, एनआईएस को केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा देश भर में मुद्रित और वितरित किया गया।

**6.3 आईआईएमसी का 60वां स्थापना दिवस:** भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) ने 16.08.2024 को अपना 60वां स्थापना दिवस मनाया, जिसमें दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक श्री अनंत विजय द्वारा विशेष लैक्चर दिया गया।

6.4 **एलसीओ के ऑनलाइन पंजीकरण में आधार प्रमाणीकरण के लिए प्राधिकरण:** आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 और सुशासन के लिए आधार प्रमाणीकरण (सामाजिक कल्याण, नवाचार ज्ञान) नियम, 2020 के अनुसरण में दिनांक 02.08.2024 को एक राजपत्र अधिसूचना संख्या एसओ 3075 (ई) प्रकाशित की गई, जिसके तहत सूचना और प्रसारण मंत्रालय को केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम 1995 के तहत स्थानीय केबल ऑपरेटरों (एलसीओ) के रूप में ऑनलाइन पंजीकरण करने वाले व्यक्तियों की पहचान सत्यापित करने के प्रयोजनों के लिए, स्वैच्छिक आधार पर नामित पोर्टल के माध्यम से हां/नहीं प्रमाणीकरण सुविधा का उपयोग करके आधार प्रमाणीकरण करने के लिए अधिकृत किया गया है।

6.5 एसआरएफटीआई की आंतरिक **राजभाषा पत्रिका 'सिने हंस'** को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) कार्यालय-2, कोलकाता द्वारा पुरस्कृत किया गया।

6.6 **अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को सुदृढ़ करना:** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने उद्योग प्रतिनिधि के रूप में 77वें लोकार्नो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में भाग लिया और मास्टरक्लास, पैनल डिस्कशन, आईएफएफआई और वेव्स के लिए सशक्त वक्ताओं को आमंत्रित किया। एनएफडीसी-एनएमआईसी ने संभावित सहयोग पर चर्चा करने के उद्देश्य से दिनांक 07.08.2024 को आईटी और सिनेमा क्षेत्र की मॉस्को स्थित कंपनियों के साथ-साथ मुंबई में मॉस्को एक्सपोर्ट सेंटर के एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक की मेजबानी की।

7. **मीडिया यूनिटों द्वारा मीडिया कवरेज का सार**

7.1 **प्रसार भारती और पत्र सूचना कार्यालय द्वारा लाइव कवरेज और प्रचार:** प्रसार भारती और पीआईबी ने **भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों** का लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार किया, जिसमें भारत के माननीय राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। 78वें स्वतंत्रता दिवस, **हर घर तिरंगा**, **पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस**, राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2023 की प्रस्तुति, राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2024, **जनधन योजना की 10वीं वर्षगांठ**, राष्ट्रीय खेल दिवस, ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024, 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस, **एक पेड़ मां के नाम**, नए शी-बॉक्स पोर्टल का शुभारंभ और **मन की बात** के 113वें एपिसोड के लिए मीडिया कवरेज सुनिश्चित की गई।

7.2 **प्रेस विज्ञप्तियां और प्रकाशन:** पत्र सूचना कार्यालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में **9,325 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी कीं। भारत सरकार की पहलों के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए, **छह महत्वपूर्ण लेख** प्रकाशित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप देश भर में लगभग **355** क्लिपिंग प्रकाशित हुईं। इसके अतिरिक्त, माह के दौरान पीआईबी की अनुसंधान यूनिट द्वारा पेरिस ओलंपिक, पेरिस पैरालंपिक, वर्ल्ड ऑडियो विजुअल इंटरटेमेंट सम्मेलन (वेव्स) और हर घर तिरंगा पर महत्वपूर्ण एक्सप्लेनर भी प्रकाशित किए गए।

7.3 **सोशल मीडिया कवरेज:** मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग **304 अद्वितीय ग्राफिक्स, वीडियो, रील, चित्र, पोस्ट, ट्वीट** और अन्य सामग्री प्रसारित करके विभिन्न विषयों पर व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया। इन प्रयासों का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर व्यापक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देते हुए, प्रमुख पहलों और घटनाओं के बारे में जनता को जोड़ना और सूचित करना था। उल्लेखनीय अभियानों में **हर घर तिरंगा 2024**, **राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2024**, मंत्रीमंडल निर्णय, **वेव्स, पेरिस ओलंपिक, राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार**, एमआईबीपॉजिटिव और वीकनामा शामिल थे, जिन्हें इन्फोग्राफिक्स, रील्स, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाइलाइट किया गया।

सी. सेंथिल राजन

(सी. सेंथिल राजन)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष # 23382597